



**एक नजर में**

## स्टेशन पर यात्री समझ रहे असुरक्षित

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिला मुख्यालय का टीकमगढ़ रेलवे स्टेशन जहां प्रतिदिन औसतन दो हजार से अधिक यात्रियों का आवागमन होता है, आज खुद असुरक्षा का प्रतीक बनता जा रहा है। यात्रियों की बढ़ती भीड़, सीमित संसाधन और सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर खामियों के कारण स्टेशन अपराधियों के लिए आसान ठिकाना बन गया है।**

हालात यह हैं कि स्टेशन पर न तो जीआरपी की तैनाती है और न ही तत्काल शिकायत दर्ज कराने की कोई सुविधा उपलब्ध है। किसी वारदात की स्थिति में पीड़ित को पहले छतरपुर और फिर रीवा जाकर एफआईआर दर्ज करानी पड़ती है।इतनी जटिल प्रक्रिया के चलते अधिकांश यात्री शिकायत दर्ज कराने का विचार ही छोड़ देते हैं। उत्तर मध्य रेलवे झांसी के अधीन आने वाले इस स्टेशन पर आपराधिक गतिविधियां बढ़ रही हैं, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह राम भरोसे है। मौके पर अपराधी पकड़ में आने के बावजूद कानूनी कार्रवाई नहीं हो पाती। स्टेशन पर तैनात आरपीएफ यात्रियों से जुड़े मामलों में एफआईआर दर्ज करने के लिए अधिकृत नहीं है। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों का कंट्रोल और फुटेज का डिस्प्ले भी स्टेशन पर नहीं है।

# रेत कंपनी के कर्मचारियों ने सरपंच पति पर बोला हमला

**घायल सरपंच पति का झांसी मेडिकल में चल रहा उपचार**

**कुल्हाडी एवं डंडों से दिया घटना को अंजाम**

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। रेत का जिले में कारोबार करने वाली कंपनी के कर्मचारियों ने मंगलवार की रात्रि पलेरा क्षेत्र की महिला सरपंच के पति पर कुल्हाड़ी एवं डंडों से प्राणघातक हमला बोल दिया जिससे सरपंच पति के जहां दोनों हाथों में फेक्कर होना बताया जा रहा है तो वहीं सिर में हमलावरों ने गंभीर चोटे पहुंचाई है। बताया जा रहा है कि घटना के बाद सरपंच पति पलेरा पुलिस थाने पहुंचा जहां उसने अपनी आपबीती सुनाई मगर पीड़ित के बताए अनुसार पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की है। घायल अवस्था में सरपंच पति को पलेरा के अस्पताल ले जाया गया मगर हालत गंभीर होने कारण देर रात उसे झांसी मेडिकल कॉलेज के लिए रिफर कर दिया गया। घायल का उपचार झांसी के आईसीयू वार्ड में किया जा रहा है। घायल ने उपचार के दौरान घटना को अंजाम देने वाले लोगों के नाम मीडिया के समक्ष रखे है।**



दरअसल थाना पलेरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत गौना निवासी भगवान सिंह बुन्देला जिनकी पत्नि इसी पंचायत से सरपंच है। मंगलवार की रात्रि सरपंच पति भगवान सिंह बुन्देला अपने चार पहिया वाहन में सवार होकर नौगाव से अपने घर आ रहे थे उनके साथ एक चार पहिया वाहन अलग से साथ में चल रहा था। भगवान सिंह बुन्देला ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि रास्ते में उसके पास रेत कंपनी के



कर्मचारी ने फोन लगाया और उसे बेला पंचायत के पास रेत कंपनी के आफिस के नजदीक बुलाया जैसे ही सरपंच पति रेत कंपनी के कर्मचारी के बताए अनुसार मौके पर पहुंचा तो पहले से घात लगाए बैठे कंपनी के कर्मचारियों ने उसके ऊपर लाठी-डंडों एवं कुल्हाड़ी से प्राणघातक हमला बोल दिया ।

घायल अवस्था में सरपंच पति पुलिस थाने पलेरा पहुंचा और उसने पुलिस को समूचे घटनाक्रम की जानकारी दी। घायल का आरोप है कि इतनी बड़ी घटना हो जाने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की है। पीड़ित ने इस मामले में जिले के पुलिस कप्तान से उचित न्याय दिलाए जाने की मांग की है। खबर लिखे जाने तक सरपंच पति भगवान सिंह बुन्देला की हालत गंभीर थी जिसका उपचार झांसी मेडिकल कॉलेज के आईसीयू वार्ड में किया जा रहा है। पीड़ित के दोनों हाथों में गंभीर चोटे आई है। वहीं घटना को अंजाम देने वाले लोगों ने सिर में मारपीट कर उसे घायल कर दिया है। इस मामले के बाद समूचे पलेरा क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल व्याप्त है। लोग तरह-तरह की चर्चा करते दिख रहे है।

### घायल ने इन लोगों पर लगाए मारपीट के आरोप

घायल भगवान सिंह बुन्देला ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि वह चार पहिया वाहन में सवार होकर नौगाव से अपने घर आ रहे थे उनके साथ एक चार पहिया वाहन अलग से चल रहा था। भगवान सिंह बुन्देला ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि रास्ते में उसके पास रेत कंपनी के कर्मचारी ने फोन लगाया और उसे बेला पंचायत के पास रेत कंपनी के आफिस के नजदीक बुलाया जैसे ही सरपंच पति रेत कंपनी के कर्मचारी के बताए अनुसार मौके पर पहुंचा तो पहले से घात लगाए बैठे कंपनी के कर्मचारियों में ऋषि सेंगर, छोटे राजा, दीपेन्द्र राजा ने उसके ऊपर लाठी-डंडों एवं कुल्हाड़ी से प्राणघातक हमला बोल दिया ।

### पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

इस घटनाक्रम को लेकर पलेरा पुलिस थाना प्रभारी मनोज सोनी से जब बात की गई तो उन्होनें बताया कि 5 नामदर्ज लोगों के खिलाफ कई धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होनें बताया कि मामला दर्ज कर अभी विवेचना में लिया गया है। पुलिस अब जांच उपरांत आगे की कार्यवाही को अंजाम देगी। साथ ही उन्होनें बताया कि घायल व्यक्ति के कथन दर्ज होनें के बाद मामले का सही खुलासा हो पाएगा।



**मनोज सोनी थाना प्रभारी, पलेरा**

# तेज हवाओं के साथ हुई बूंदाबांदी



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मौसम विभाग का पूर्वानुमान सटीक साबित हुआ है। मंगलवार शाम 4 बजे के बाद मौसम में अचानक बदलाव आया, जिसके बाद तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी शुरू हुई और पूरी रात जारी रही। बुधवार सुबह से पूरे क्षेत्र में घना कोहरा छाया हुआ है। इस बारिश से किसानों में खुशी है, क्योंकि गेहूं की फसल के लिए इसे लाभदायक बताया जा रहा है।**

भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को अधिकतम तापमान 19 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री दर्ज किया गया था। रविवार को अधिकतम तापमान 20.7 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री रहा।सोमवार को अधिकतम तापमान बढ़कर 24 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मंगलवार को अधिकतम तापमान 3 डिग्री बढ़कर 27 डिग्री और न्यूनतम तापमान 2 डिग्री बढ़कर 13 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार को अधिकतम तापमान 21 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री रहने का अनुमान है। गुरुवार और शुक्रवार को दिन और रात के तापमान में फिर से गिरावट आएगी। गुरुवार को अधिकतम तापमान 20 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री रहने की संभावना है, जबकि शुक्रवार को अधिकतम तापमान 21 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री रहने का अनुमान है। इसके बाद रविवार से दिन और रात के तापमान में फिर से वृद्धि शुरू होगी। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, 15 फरवरी तक मौसम में उतार-चढ़ाव बना रहता है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि बारिश के साथ तेज आंधी आती है, तो फसलों को बड़े पैमाने पर नुकसान हो सकता है।

# लोकतंत्र का लोकोत्सव भारत पर्व हर्षोउल्लास से मनाया





**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिला मुख्यालय स्थित स्थानीय उत्सव भवन में स्वराज संस्थान संचालनालय संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश शासन, जिला प्रशासन एवं जनसम्पर्क मध्यप्रदेश के संयुक्त तत्वाधान 77वें गणतंत्र दिवस की संध्या पर आयोजित लोकतंत्र का लोकोत्सव भारत पर्व हर्षाउल्लास के साथ किया गया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने अतिथियों के साथ सरस्वती मां की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में भोपाल से विजय सप्रे ग्रुप द्वारा विप्लव लोकगायन की प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात सागर के आभाष तिवारी ग्रुप द्वारा नौरता लोकनृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई।भारत पर्व पर जनसम्पर्क विभाग के द्वारा आयोजन स्थल पर शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी भी लगाई गई। इसके साथ ही स्वराज संस्थान संचालनालय संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा वंदे मातरम के 150 वर्ष के अवसर पर चित्र प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका अतिथियों ने अवलोकन किया।

# अवैध निर्माण को अधिकारियों ने कराया बंद

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर के सैल सागर तालाब में हो रहे अवैध निर्माण को रविवार को रोक दिया गया। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देश पर तहसीलदार सत्येंद्र सिंह गुर्जर और नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदोरिया ने मौके पर पहुंचकर यह कार्रवाई की।**

अधिकारियों ने तालाब की जमीन पर चल रहे निर्माण कार्य को तत्काल बंद करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसी भी तरह के अवैध कब्जे से बचने की हिदायत भी दी। यह तालाब शहर के बीचो-बीच राजशाही दौर में बनाया गया था। पिछले कई सालों से तालाब के चारों ओर अवैध तरीके से जमीन बेची जा रही थी, और अब तो लोगों ने तालाब के अंदर ही मकानों का निर्माण शुरू कर दिया था। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने इस मामले में संज्ञान लेते हुए सैल सागर तालाब के सीमांकन के भी निर्देश दिए हैं, ताकि भविष्य में ऐसे अवैध निर्माणों पर अंकुश लगाया जा सके। दरअसल, तालाब की जमीन अवैध तरीके से स्टांप पर बेची जा रही है। पहले तालाब के चारों ओर लोगों ने अवैध निर्माण कर मकान बना लिए।

# दुर्घटनाओं को लेकर पुलिस का चेकिंग अभियान

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिले में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियंत्रण को लेकर विशेष सघन वाहन जांच अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति अनुशासन, जागरूकता एवं जिम्मेदारी विकसित करना तथा सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाओं को न्यूनतम करना है।**

समस्त थाना प्रभारियों एवं राजपत्रित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अचानक एवं प्रभावी वाहन चेकिंग के माध्यम से नशे की



हालत में वाहन संचालन, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ओवरलोडिंग एवं अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसी क्रम में जिले के समस्त थाना क्षेत्रों एवं यातायात शाखा द्वारा प्रमुख मार्गों पर विशेष चेकिंग पॉइंट स्थापित कर व्यापक वाहन जांच की गई। अभियान के दौरान कुल 287 वाहनों की जांच की गई, जिसमें 23 वाहन चालकों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन पाया गया।

## जिला पंचायत अध्यक्ष मध्यान्ह भोजन में शामिल

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। गणतंत्र दिवस के अवसर पर शासकीय माध्यमिक शाला माडूमर में विशेष मध्याह्न भोजन का आयोजन किया गया।**

इस अवसर पर विशेष मध्याह्न भोजन में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उमिता राहुल सिंह, श्रीमती सरोज राजपूत, सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, विवेक चतुर्वेदी, अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह, संयुक्त कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम टीकमगढ़ श्रीमती संस्कृति मुदित लटौरिया, जिला शिक्षा अधिकारी एचएस चौहान सहित अधिकारियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा स्कूली बच्चों के साथ भोजन किया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर शासकीय माध्यमिक शाला माडूमर में विशेष मध्याह्न भोजन का आयोजन किया गया।

# हिंदू सम्मेलन में सांस्कृतिक मूल्यों का दिया संदेश

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। आरएसएस के स्थापना के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया गया। इन सम्मेलनों में जाति और पंथ के भेदभाव को भुलाकर सभी समाजों के लोग और साधु-संत एक जाजम पर नजर आए। उत्सव भवन से लेकर ग्रामीण अंचलों तक आयोजित इन कार्यक्रमों के जरिए समाज को एकजुट करने और सांस्कृतिक मूल्यों को बचाने का संदेश दिया गया।**

जिले के उत्सव भवन, कुंडेश्वर, राजमहल, दरगुवां और कुंवरपुरा में मुख्य सम्मेलन आयोजित किए गए। इसके साथ ही पण्डयाना, भटनागर बस्ती, कुडीला और मलगुंवा में भी भारी संख्या में हिंदू समाज के लोग जुटे। उत्सव भवन के कार्यक्रम में संत बब्लू महाराज, लहरेन सरकार और उत्तम दास महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ। वक्ता प्रीति चतुर्वेदी और मुख्य वक्ता जितेंद्र



वर्मा ने समाज के सामने वर्तमान चुनौतियों और संगठन की शक्ति पर अपने विचार रखे।कुंडेश्वर में पुजारी जमुना प्रसाद और राजमहल बस्ती में सीताशरण अग्निहोत्री व शालिनी परमार ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि हिंदू समाज की मजबूती उसकी एकता में ही निहित है। उन्होंने कहा कि अपनी गौरवशाली संस्कृति और भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए सभी समाजों का एक संगठित स्वरूप में रहना अनिवार्य है।आयोजकों ने बताया कि आरएसएस के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित इन सम्मेलनों का मुख्य उद्देश्य सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। संतों ने आह्वान किया कि लोग अपने दैनिक जीवन में संस्कारों को अपनाएं और राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# ब्राइट क्लब टीकमगढ और सागर के बीच हुआ मैच

**30 जनवरी को होगा फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन**

**शिवधाम कुंडेश्वर में चल रहा खेल का आयोजन**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। ललितपुर मार्ग पर स्थित शिव धाम कुंडेश्वर में डाइट ग्राउंड पर शिव क्लब द्वारा अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट का समापन 30 जनवरी को होगा।**

उद्घाटन मैच खेल युवा कल्याण विभाग टीकमगढ़ और बबीना के बीच खेला गया। इसमें बबीना ने पेनल्टी शूटआउट में जीत दर्ज की।आज ब्राइट क्लब टीकमगढ़ और सागर के बीच मैच हुआ, जिसमें ब्राइट क्लब ने पेनल्टी शूटआउट में जीत हासिल की। दूसरा मैच गुरु क्लब भोपाल और पन्ना के मध्य खेला गया। इस मैच में पहले हाफ में दोनों टीमें



बराबरी पर थीं। दूसरे हाफ में पन्ना ने पहला गोल किया, लेकिन गुरु क्लब ने 2 मिनट बाद बराबरी का गोल दाग दिया। इसके 7 मिनट बाद गुरु क्लब ने दूसरा गोल कर मैच अपने नाम कर लिया।आज के मुख्य अतिथि ट्रैफिक इंचार्ज कैलाश पटेल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल के साथ पढ़ाई भी आवश्यक है।टूर्नामेंट के संयोजक दिनेश खटीक ने बताया कि इस अंतरराज्यीय प्रतियोगिता में देश के अलग-अलग राज्यों की 16 टीमें भाग ले रही हैं। इनमें टिटान टैबलेट बलिया, प्रयागराज डीएफए, बांदा एफसी, पन्ना एफसी, गुरु क्लब भोपाल, शिव क्लब कुंडेश्वर, खेल युवा कल्याण विभाग टीकमगढ़, ब्राइट क्लब टीकमगढ़, घोसी क्लब महू, हरदा डीएफए, महोबा एफसी, विदिशा, टाइटन सागर, बैतूल डीएफए, छतरपुर, बबीना और जतारा की टीमें शामिल हैं। टूर्नामेंट का फाइनल मैच 30 जनवरी को खेला जाएगा।

### टूर्नामेंट का इन्होनें उठाया लुत्फ

ललितपुर मार्ग पर स्थित शिव धाम कुंडेश्वर में डाइट ग्राउंड पर शिव क्लब द्वारा अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर श्रीराम यादव, मृत्युंजय दीक्षित, परवेज खटीक, सादिक, द्वारका प्रसाद यादव, लक्ष्मी यादव, रामरतन यादव, वंदना यादव सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी और दर्शक मौजूद रहे।

**निरीक्षण**

**निर्माण कार्य में गति लाने के दिए निर्देश**

# रेलवे स्टेशन की व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे अधिकारी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। बुधवार को शहर में स्थित रेलवे स्टेशन की व्यवस्थाओं का जायजा लेने अधिकारी पहुंचे अधिकारियों ने स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्य में गति लाने के जहां निर्देश दिए वहीं कार्यों में गुणवत्ता रखने की हिदायत दी है। इस दौरान लोगों ने अधिकारियों से मुलाकात कर रेल सुविधा बढ़ाए जाने की मांग की है।**

दरअसल स्थानीय रेलवे स्टेशन को आधुनिक बनाने के लिए तमाम प्रकार के विकाश कार्य लंबे समय से चल रहे है। जिसको लेकर बुधवार को रेलवे के जीएम नरेश पाल सिंह एवं डीआरएम अचानक स्टेशन पहुंचे जहां दोनों अधिकारियों ने रेलवे स्टेशन की व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। साथ ही स्टेशन के कर्मचारियों को



व्यवस्थाओं में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन पर किसी भी यात्री को असुविधा ना हो इसका खास तौर पर ध्यान रखा जाए । इसके साथ ही रेलवे क जीएम एवं डीआरएम ने स्टेशन पर चल रहे विकाश कार्यों का निरीक्षण किया । इस दौरान दोनों अधिकारियों ने विकाश कार्यों को गति देने की हिदायत दी साथ ही समय सीमा में कार्य करने के निर्देश दिए है।

बुधवार को शहर में स्थित रेलवे स्टेशन की व्यवस्थाओं का जायजा लेने अधिकारी पहुंचे अधिकारियों ने स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्य में गति लाने के जहां निर्देश दिए वहीं कार्यों में गुणवत्ता रखने की हिदायत दी है। इस दौरान लोगों ने अधिकारियों से मुलाकात कर रेल सुविधा बढ़ाए जाने की मांग की है। इसके साथ ही दोनों अधिकारियों ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखने के लिए निर्देशित किया । इस दौरान जीएम नरेश पाल सिंह एवं डीआरएम से स्टेशन पर मौजूद लोगों ने मुलाकात कर स्टेशन की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। अधिकारियों ने लोगों को आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द से जल्द स्टेशन की व्यवथाओं में व्यापक स्तर पर सुधार किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होनें स्टेशन की केंटीन पर विक रही सामग्री की गुणवत्ता की जानकारी केंटीन संचालक से ली है।

### रेल सुविधाएं बढाएं जाने की बात आई सामने

बुधवार को रेलवे के जीएम नरेश पाल सिंह एवं डीआरएम अचानक स्टेशन पहुंचे जहां दोनों अधिकारियों ने रेलवे स्टेशन की व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। रेलवे स्टेशन का दौरा करने आए दोनों अधिकारियों से स्थानीय लोगों के अलावा यात्रियों ने मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने दोनों अधिकारियों से रेल सुविधाएं बढाएं जाने की मांग उनके समक्ष रखी इस पर अधिकारियों ने लोगों से कहा कि जल्द ही उनकी मांग पर विचार किया जाएगा।

## आज होगी सागर महाराज की अगवानी

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। शहर के 1008 पारसनाथ दिगंबर जैन बाजार मंदिर में आज 29 जनवरी 2026 को दोपहर 2.00 बजे अतिशय क्षेत्र पपौरा जी से 108 समत्व सागर महाराज ससंग की भव्य अगवानी होगी।**

धर्म प्रभावना समिति के अध्यक्ष नरेंद्र जनता ने जानकारी देते हुए बताया की गुरु समत्व सागर जी महाराज के सानिध्य में 10 फरवरी को महावीर जिनालय सिविल लाइन में दोपहर 1.00 बजे पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के पात्रों का चयन होगा। दिगंबर जैन वैद्य मंदिर जी वानपुर दरवाजा में 12 फरवरी से 19 फरवरी तक सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में 24 फरवरी से 2 मार्च तक सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन इन्हीं गुरु के सानिध्य में होगा।

# गर्भवती महिला को किया रक्तदान



**नवभारत न्यूज जतारा। पहली बार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जतारा मे ग्राम बेरवार की गर्भवती महिला श्रीमती रजनी दांगी पति सरदार सिंह दांगी को ब्लड ट्रांसफ्यूजन किया गया जिनको खून की कमी थी उनका हीमोग्लोबिन 7 ग्राम था ।**

जिसमै ब्लड ट्रांसफ्यूजन के दौरान बीएमओ डॉ अंकित साहू ,डॉ संजय कुशवाहा,डॉ रुद्र प्रताप ,डॉ रामनरेश सिंह घोष ,नर्सिंग ऑफिसर,मनसा देवी घोष,मोहनी नामदेव ,पुष्पा अहिरवार के द्वारा उपस्थित रहकर सफलता पूर्वक ब्लड ट्रांसफ्यूजन किया गया। पहली बार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जतारा मे ग्राम बेरवार की गर्भवती महिला श्रीमती रजनी दांगी पति सरदार सिंह दांगी को ब्लड ट्रांसफ्यूजन किया गया जिनको खून की कमी थी उनका हीमोग्लोबिन 7 ग्राम था ।

जिसमै ब्लड ट्रांसफ्यूजन के दौरान अस्पताल के डॉक्टरों सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे । जिन्होनें इस पुनीत कार्य में अपनी अहम भूमिका निभाई है ।